**Title: Re: Establishment of a medical college in Jhabua district, Madhya Pradesh.**

**इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम)**: महोदय, मेरी लोकसभा क्षेत्र का झाबुआ मध्यप्रदेश का सर्वाधिक जनजाति बाहुल्य जिला है । इस जिले में सिकलसेल एनिमिया सिलीकोसिस, फ्लोरोसिस, थायराइड एवं वैक्टर बोर्न बीमारियों की बहुतायत है । गरीब जनजाति जनता को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती है । इस कारण इस जिले की गरीब जनता को इलाज हेतु पड़ोसी राज्य गुजरात पर निर्भर रहना पड़ता है । जिले में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधायें नहीं होने के कारण लोगों को अपने इलाज हेतु अत्यधिक समय एवं धन का व्यय करना पड़ता है । जिले की जनता काफी समय से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रही है ताकि उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो सके । अनुरोध है कि झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें ।